**1-Fairooz Faizah Beether of Bangladesh has been chosen for the 2021 Changemaker Award for her work promoting good health and well-being by the Bill and Melinda Gates Foundation.**

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले उनके काम के लिए बांग्लादेश की फैरोज़ फैज़ा बीथर को **2021** के चेंजमेकर अवार्ड के लिए चुना गया है।

**2-The government of Bangladesh has given permission to 52 trading organisations to export Hilsa fish to India on the occasion of the Durga Puja.**

बांग्लादेश सरकार ने दुर्गापूजा के उपलक्ष्य में भारत को हिल्सा मछली निर्यात करने के लिए **52** व्यापार संगठनों को अनुमति दे दी है।

**3-Canadian Prime Minister Justin Trudeau's Liberal Party has narrowly won parliamentary elections, but it failed to secure a majority. This is Mr Trudeau's third federal election win.**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की लिबरल पार्टी ने संसदीय चुनावों में मामूली जीत हासिल की है लेकिन उसे बहुमत नहीं मिल पाया है। श्री ट्रुडो की संघीय चुनाव में यह तीसरी जीत है।

**4-Veteran Nepali Congress leader Narayan Khadka has been appointed as country's Foreign Minister.**

नेपाली कांग्रेस के दिग्गज नेता नारायण खड़का को देश का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है।

**5-Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami has announced to provide free textbooks to students of class 9th to 12th from next year.**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अगले वर्ष से कक्षा नौ से **12** तक के विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें देने की घोषणा की है।

## 6-The Ministry of Education has formed the National Steering Committee for the development of National Curriculum Frameworks. The committee will be chaired by former ISRO Chairman Dr K Kasturirangan.

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शैक्षिक पाठ्यक्रम की रूपरेखा के विस्तार के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन करेंगे।

## 7-Government has decided to appoint Air Marshal V R Chaudhari, PVSM, AVSM, VM, presently Vice Chief of Air Staff, as the next Chief of the Air Staff after the retirement of Air Chief Marshal RKS Bhadauria, PVSM, AVSM, VM, ADC on 30th September, 2021.

सरकार ने **30** सितंबर **2021** को एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी की सेवानिवृत्ति के बाद एयर मार्शल वी आर चौधरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, जो वर्तमान में वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ हैं, को अगले वायुसेनाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

## 8-In yet another recognition of India's commitment to protect and conserve the pristine coastal and marine ecosystems through holistic management of the resources the globally recognized and the coveted International eco-label "Blue Flag", has accorded the Blue Flag Certification for 2 new beaches this year –Kovalam in Tamil Nadu and Eden in Puducherry beaches.

संसाधनों के समग्र प्रबंधन के जरिये प्राचीन तटीय एवं समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करने और उसका संरक्षण के लिए भारत की प्रतिबद्धता की एक अन्य स्वीकृति के तहत इस साल दो नए समुद्र तटों-तमिलनाडु में कोवलम और पुदुचेरी में इडेन-को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त और प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय इको-लेबल 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणन प्रदान किया गया है।

## 9-Former Hindi Newsreader of All India Radio Ramanuj Prasad Singh passed away in Gurugram. He was 86.

आकाशवाणी के वयोवृद्ध समाचार वाचक और हिन्दी समाचार की जानी मानी हस्ती रामानुज प्रसाद सिंह का निधन हो गया। वे **86** वर्ष के थे।

## 10-Actor Willie Garson, best known for popular TV series "Sex and the City" and "White Collar", has passed away. He was 57.

लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों 'सेक्स एंड द सिटी' तथा 'व्हाइट कॉलर' के चर्चित कलाकार अभिनेता विली गार्सन का निधन हो गया। वह **57** वर्ष के थे।